पंजाब केसरी 12/09/2024

सपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है : डा. रोहित

अम्बाला, 11 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने बुधवार को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एम.सी.ए. और एम.बी.ए. छात्रों के आने वाले बैच के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। विभाग में आयोजित कार्यक्रम में नए छात्रों का स्वागत किया गया। उन्हें विभाग, संकाय एवं उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों से परिचित करवाया गया।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सपनों को पाने की चाहत, मेहनत को अपना साथी बना लेती है। यदि उनमें कुछ कर दिखाने की चाह है तो वे खूब मेहनत कर अपने हर सपने को साकार कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्हें उनके मन लगाकर पढ़ने एवं सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उच्चतर शैक्षणिक भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

जी.एम.एन. कालेज के कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेते प्राध्यापक। (देवदत्त)

कार्यक्रम के प्रारंभ में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा ने सभी छात्रों को कालेज में दाखिला पर बधाई दी और उन्हें शैक्षणिक समर्पण और नवाचार के महत्व के साथ-साथ आने वाले अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात डा. गीता कौशिक एवं डा. भारती सुजान द्वारा एम.सी.ए. और एम.बी.ए. पर आधारित ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी गई, जिसमें छात्रों को विभाग के पाठ्यक्रम, अनुसंधान के अवसरों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के साथ-साथ संस्थान की नीतियों, परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशाला एवं खेल परिसर आदि से अवगत करवाया गया। ओरिएंटेशन का समापन डीन डा. प्रभलीन कौर के प्रेरक संबोधन के साथ हुआ, जिन्होंने शैक्षणिक और पाठ्येतर दोनों प्रयासों में सफलता के लिए बहुमूल्य सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों में नए सत्र में नया सीख कर कुछ कर दिखाने की चाह का उत्साह देखने योग्य रहा।